गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन संस्कृति केंद्र में पहाड़ की संस्कृति के रंगों से सजा उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह का तीसरा दिन

जौनसारी हारुल, तिब्बती स्नो लॉयन डांस ने मोहा

निनाद

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन संस्कृति केंद्र में आयोजित निनाद-2025 के तीसरे दिन हिमालयी राज्यों की लोक संस्कृति की रंगबिरंगी छटा देखने को मिली।

तिब्बत से लेकर सुदूर पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश तक के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर सौरभ थपलियाल, उत्तराखंड साहित्य एवं कला परिषद की अध्यक्ष मधु भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र के हारुल नृत्य ने समारोह में लोक संस्कृति की अनूठी झलक पेश की।

लोक कलाकार लायक राम और साथियों ने जब परात घुमाते हुए पारंपरिक धुनों पर नृत्य किया, तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। हारुल के गीत वीर गाथाओं, प्रेम कथाओं और ऐतिहासिक प्रसंगों से प्रेरित होते हैं।

यह नृत्य सामान्यतः मरोज और बिस्सू जैसे पारंपरिक उत्सवों में किया जाता है। यह जौनसार क्षेत्र का मशहूर नृत्य है। कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद कलाकारों को उपनिदेशक आशीष कुमार ने सम्मानित किया।

देहरादून में गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन संस्कृति केंद्र में सोमवार को कार्यक्रम पेश करते धर्मशाला के कलाकार। हिन्दुस्तान

देहरादून में गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन संस्कृति केंद्र में लायन डांस करते कलाकार।

तिब्बत-अरुणाचल के कलाकारों से जमा रंग

हिमालयी संस्कृति की विविधता को दर्शाते हुए तिब्बत इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, धर्मशाला के कलाकारों ने 'स्नो लॉयन' व 'नागरी माब्जा' लोक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं, अरुणाचल की आदी और गालो जनजातियों के कलाकारों ने गीत और नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उनकी पोशाकें और आभूषण आकर्षण का केंद्र रहे।

पंडित विश्व मोहन भट्ट की मोहन वीणा ने किया मोहित

देहरादून। नींबूवाला गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर के प्रेक्षागृह में सोमवार को निनाद के तीसरे दिन की शाम भारतीय शास्त्रीय संगीत के नाम रही। ग्रैमी अवार्ड विजेता पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट ने मोहन वीणा की मीठी तानों से दिलों के तारों को झंकृत कर दिया। देश दुनिया में मोहन वीणा को ख्याति दिला चुके पंडित विश्व मोहन भट्ट की प्रस्तुति यादगार रही। कार्यक्रम की शुरुआत सचिव संस्कृति व महानिदेशक युगल किशोर पंत ने की। इसके बाद पंडित विश्व मोहन भट्ट ने मोहन वीणा का वादन शुरू किया। उनके पुत्र सलिल मोहन ने उन्हें अपनी सलिल वीणा पर संगत दी। उन्होंने राग यमन, राग भूपाली, राम मियां की मल्हार और राग देश से निनाद उत्सव की इस शाम को यादगार बना दिया।

कॉमेडियन जाकिर ने खराब पैरेंटिंग पर किया तंज

देहरादून। गढ़ी कैंट स्थित पर्यटन विकास परिषद परिसर में चल रहे कॉमेडी फेस्ट के अंतिम दिन स्टेडअप कॉमेडियन जाकिर खान ने दर्शकों को गुदगुदाया। उन्होंने अभिभावकों पर खराब पैरेंटिंग को लेकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के पैम्पर में लगे रहते हैं और उन्हें शिष्टाचार, सभ्य बातें नहीं सिखा पाते।

लोकभाषाओं का मानकीकरण- डिजिटलाइजेशन हो

देहरादून। निनाद महोत्सव के दिन के सत्र में उत्तराखंड की लोकभाषा व संस्कृति पर परिचर्चा में हिस्सा लेते हुए भाषा संस्कृति विशेषज्ञ प्रो. देव सिंह पोखरिया, डॉ. नंद किशोर हटवाल, लोकेश नवानी और डा. नंदलाल भारती ने प्रदेश की लोक भाषाओं की स्थिति, उनके संरक्षण और संवर्धन पर मंथन किया। इसमें लोक भाषाओं के मानकीकरण, डिजिटलाइजेशन, पाठ्यक्रम निर्माण व प्रसार पर बल दिया गया।

शहर 30s

देहरादून में मनोज कुकरेती को मिनिस्ट्रियल फेडरेशन का प्रांतीय संयुक्त मंत्री चुने जाने पर सोमवार को कलक्ट्रेट संघ ने सम्मान समारोह आयोजित किया। ● हिन्दुस्तान

मनोज कुकरेती बने प्रांतीय संयुक्त मंत्री

देहरादून। मनोज कुकरेती को उत्तरांचल मिनिस्ट्रियल फेडरेशन के प्रांतीय संयुक्त मंत्री निर्वाचित होने पर कलक्ट्रेट संघ ने समारोह आयोजित किया। उत्तरांचल मिनिस्ट्रियल फेडरेशन के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मनोज कुकरेती का पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में संरक्षक हरीश पांडे, अध्यक्ष आशीष जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज प्रजापति, सचिव आलोक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

निर्धन परिवार की कन्या के विवाह में मदद की

देहरादून। रमानी ए सोशल फाउंडेशन की ओर से एक निर्धन कन्या के विवाह में मदद की गई। आयोजन में वर और वधू को आशीर्वाद दिया। संस्था ने आईटी पार्क के पास रामलीला ग्राउंड में जरूरतमंद युवती के विवाह के लिए वस्त्र, बर्तन और आर्थिक सहयोग किया है। इस दौरान अध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव, उपमा शुक्ला, शिवानी तिवारी, राखी मालगुडी, श्वेता गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

पशुपालन विभाग ने आयोजित की गोष्ठी

देहरादून। पशुपालन विभाग रजत जयंती वर्ष के तहत राज्य में गोष्ठियां कर रहा है। सोमवार को पशु स्वास्थ्य और बांझपन निवारण पर अलग-अलग स्थानों पर गोष्ठी आयोजित की गई। निदेशक डॉ. उदय शंकर ने बताया कि पशुपालकों को टीकाकरण व संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश जोशी ने बताया कि बांझपन निवारण की जानकारी भी दी गई।

पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल उप्रेती सिस्टर्स ने बांधा समां

देहरादून के दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र में सोमवार को राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह में प्रस्तुति देतीं उप्रेती सिस्टर्स। ● हिन्दुस्तान

कार्यक्रम

देहरादून। दून पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने न्यौली, खेल, झोड़ा, चांचरी, छपेली, चैती समेत अन्य लोकगीतों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

सोमवार को राज्य की रजत जयंती के अवसर पर दून पुस्तकालय में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सबसे पहले पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने ने गढ़वाली लोक गीत की विशेषताओं और वर्तमान स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने लोक संगीत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने खुदेड़ गीत, घुघुती बासुती क्या खांदी के बारे में गायन के माध्यम से बताते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कठपुतली कलाकार रामलाल भट्ट ने कठपुतली का शो किया। लोक कलाकार उप्रेती सिस्टर्स ने न्यौला, खेल, झोड़ा, चांचरी, छपेली, चैती समेत अन्य लोकगीतों में प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। उप्रेती सिस्टर्स का कहना है कि लोक हृदय से निकले हुए मौखिक, सहज व स्वाभाविक उदगारों को आदर भाव देना जरूरी है। लोकगीतों की विरासत को जीवित रखने का प्रयास रहेगा। कार्यक्रम का संचालय पूर्व मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी ने किया।

चौखुटिया से दून पद यात्रा का किया समर्थन

देहरादून। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने अल्मोड़ा के चौखुटिया से देहरादून तक चल रही पदयात्रा को समर्थन दिया है।

स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. मुकेश सेमवाल ने कहा कि यह जनयात्रा राज्य के हजारों लोगों की आवाज है। जहां पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। मरीजों को देहरादून-हल्द्वानी जैसे शहरों के कॉर्पोरेट अस्पतालों में भेजा जाता है। वहां मनमानी फीस वसूली जाती है। उन्होंने जनसंगठनों और लोगों से इस आंदोलन के समर्थन की अपील की। कहा कि हर गांव और वार्ड में जन स्वास्थ्य समितियां बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं के बाजारीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

चौखुटिया के आंदोलनकारियों की पुलिस से झड़प

प्रदर्शन

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। अल्मोड़ा जनपद के चौखुटिया में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की मांग को लेकर नंगे पांव 300 किमी से ज्यादा पदयात्रा करके पहुंचे आंदोलनकारियों की सोमवार शाम जोगीवाला के पास पुलिस से झड़प हो गई।

आंदोलनकारियों ने सड़क पर लेटकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस टीम ने आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया। उन्हें देर शाम को एकता विहार धरनास्थल छोड़ दिया। सोमवार शाम को प्रदर्शनकारियों को पुलिस सुरक्षा में एकता विहार लाया गया। यहां प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। पुलिस ने उनसे वार्ता की। आंदोलनकारी गांधी पार्क जाना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। अधिकारियों की सहमति से उन्हें गांधी पार्क जाने की अनुमति दी गई। जगदीश गौड़ के मुताबिक मंगलवार को गांधी पार्क से सीएम आवास कूच किया जाएगा। वे 300 किमी पदयात्रा कर दून पहुंचे है। इस दौरान भुवन कठैत, डॉ. आनंद राम, सुंदर सिंह, महेंद्र सिंह बेड़िया, आशीष नेगी, शांति अठवाल, नंदिता भट्ट, चंद्रा कोहली, हेमंत सिंह भंडारी, सरस्वती गैरोला, जगदीश ममगाईं, महेंद्र सिंह, मोहित डिमरी और लुसुन टोडरिया आदि मौजूद रहे।

देहरादून में सोमवार को राजपुर रोड स्थित गांधी पार्क में धरना देते ऑपरेशन स्वास्थ्य के तहत चौखुटिया से पदयात्रा करके दून पहुंचे आंदोलनकारी। ● हिन्दुस्तान

डोईवाला प्रशासन ने की आंदोलनकारियों से वार्ता

ऋषिकेश। चौखुटिया से पदयात्रा पर निकले आंदोलनकारियों को भानियावाला में रोक लिया गया। प्रशासन व पुलिस ने डीएम तक उनकी मांगें पहुंचाने के चार घंटे बाद आंदोलनकारियों को दून जाने दिया गया। एसडीएम अर्पणा ढौंडियाल ने आंदोलनकारियों से मांगों पर वार्ता की। एसडीएम ने जानकारी डीएम सविन बसंल को दी। एसडीएम अपर्णा ने बताया कि आंदोनकारियों से वार्ता के बाद उन्हें देहरादून जाने दिया गया।

चौखुटिया में डिजिटल एक्सरे मशीन लगेगी

देहरादून। अल्मोड़ा के चौखुटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अत्याधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन भी स्थापित की जाएगी।

सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अस्पताल की बेड क्षमता को बढ़ाते हुए 30 से 50 किया जा रहा है। अस्पताल में अत्याधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाई जाएगी। अस्पताल के निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन परिषद को कार्यदायी संस्था नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अस्पताल के विस्तार से चौखुटिया और आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा तथा स्वास्थ्य उपचार में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा।

देहरादून में पांच दिन तक छाया रहेगा गढ़ कौथिक का उत्साह

देहरादून। गढ़वाल भ्रातृ मंडल संस्था की ओर से क्लेमनटाउन में बुधवार से होने जा रहा पांच दिनी 'गढ़ कौथिक' लोक परंपरा, गीत-नृत्य व लोककला की झलक पेश करेगा।

महोत्सव में उत्तराखंड के लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे। सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष ओपी बहुगुणा ने बताया कि गढ़ कौथिक का आयोजन 5 से नौ नवंबर तक किया जाएगा। इसमें पारंपरिक व्यंजन होंगे। हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगेगी। राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

छात्रों ने जानीं शोध की वैज्ञानिक पद्धतियां

देहरादून। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के देहरादून परिसर में सोमवार को पत्रकारिता व जनसंचार के छात्रों के लिए चार दिवसीय शोध कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को संचार शोध, शोध की वैज्ञानिक पद्धति, प्रस्तुतीकरण व अकादमिक लेखन की समझ प्रदान करना है। कार्यशाला के पहले दिन भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. गोविंद सिंह ने कहा कि मीडिया शोध आंकड़ों का अध्ययन नहीं है। यह समाज, संस्कृति व संचार के संबंधों की गहन पड़ताल है।

मेडिकल को लेकर दून अस्पताल में मचा हंगामा

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल की इमरजेंसी में रविवार रात को करीब 10 बजे दो पक्षों में झगड़े के बाद मेडिकल को लेकर हंगामा हो गया।

एक पक्ष ने डॉक्टर पर उनका पर्चा फेंकने एवं दूसरे पक्ष का मेडिकल पहले बनाने का आरोप लगाया। मेडिकल के नाम पर 500 रुपये भी लेने का आरोप लगाया। राजीवनगर इलाके के इस मामले में एक व्यक्ति द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, प्राचार्य डॉ. गीता जैन एवं एमएस डॉ. आरएस बिष्ट तक भी यह मामला पहुंचा है। एमएस डॉ. आरएस बिष्ट ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं मिली है। इमरजेंसी प्रभारी से रिपोर्ट ली जा रही है। हर मेडिकल की फीस 150 रुपये की रसीद देने को निर्देशित किया गया है।

- डॉक्टर पर पर्चा फेंकने व दूसरे पक्ष का मेडिकल पहले बनाने का आरोप

पर्वतीय समुदाय को जनजाति का दर्जा दें

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने राष्ट्रपति से उत्तराखंड के पर्वतीय समुदाय को जनजाति घोषित करने की मांग की है।

दल कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति से मिलने के लिए विधानसभा कूच किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष कुमार को कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद ने कहा कि उत्तराखंड से 1974 में ट्राइबल का स्टेटस वापस ले लिया गया था। उन्होंने इसे दोबारा से बहाल करने की मांग की।

चातुर्मास पूरा होने पर जैन मुनि को दी भावुक विदाई

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। पंचकल्याणक समिति, 31 वां पुष्प वर्षा योग समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में सोमवार को श्री मज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में हर्षोल्लास से किया गया।

जैन मुनि सौरभ सागर महाराज का दून में चातुर्मास भी पूरा हुआ। गांधी रोड स्थित दिगम्बर जैन पंचायती जैन भवन में आचार्यश्री का पिच्छी परिवर्तन के मौके पर हुए मंगल प्रवचन में सौरभ सागर महामुनिराज ने कहा कि साधु नदी के पानी के जैसा है बहता रहता है। नदी जहां जाती है पानी देकर जाती है। इस तरह साधु होते हैं, जहां जाते हैं अपने समाज के लोगों को धर्म से जोड़ते चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि आनंद और भक्ति के साथ चातुर्मास संपन्न हुआ। मुख्य संयोजक संदीप जैन ने बताया कि सोमवार को जाप्यानुष्ठान, अभिषेक, शांतिधारा, मोक्ष कल्याणक दृश्य, संस्कार विधि, सम्मान समारोह के पश्चात आचार्य जी का मंगल विहार मोहब्बेवाला के लिए हुआ।

- श्री मज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ

कांग्रेस: मरीजों से संवाद, स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तराखंड की रजत जयंती के मद्देजनर कांग्रेस ने जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व निजी अस्पतालों में मरीजों को फल बांटे। पार्टी नेताओं ने मरीजों से संवाद किया और उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल भी उठाए।

सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-संगठन सूर्यकांत धस्माना और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दून अस्पताल पहुंचकर 167 मरीजों को फल वितरित किए। धस्माना ने बताया कि टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग और हरिद्वार समेत कुमाऊं के सभी जिलों में फल वितरण कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण को पच्चीस साल पूरे होने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाएं जर्जर हैं। दूरस्थ जिलों के अस्पताल केवल रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। इस दौरान प्रदेश महामंत्री जगदीश धीमान, श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल, राजेश पुंडीर, शिवानी थपलियाल, रामगोपाल वर्मा, गोपाल गड़िया आदि मौजूद रहे।

- कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न अस्पतालों में मरीजों को बांटे फल

तल्खी | डीएलएड प्रशिक्षण ले चुके और वर्तमान में प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थी एक-दूसरे पर साध रहे निशाना

भर्ती से पहले डीएलएड प्रशिक्षितों में खींचतान

देहरादून, मुख्य संवाददाता। प्राइमरी स्कूलों में सहायक अध्यापकों के भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के आदेश के साथ डीएलएड प्रशिक्षितों में खींचतान शुरू हो गई है। डीएलएड प्रशिक्षण ले रहे और प्रशिक्षण पूरा कर चुके अभ्यर्थी एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। वे प्रशिक्षण अवधि में एक-दूसरे पर आचरण नियमावली उल्लंघन के आरोप लगा रहे हैं।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर शासन से भर्ती के आदेश शुरू हो चुके हैं। जिला स्तर पर नौ नवंबर तक आवेदन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, डीएलएड प्रशिक्षित पिछले लंबे समय से भर्ती की मांग करते आ रहे थे। उन्होंने शिक्षा निदेशालय में धरना भी शुरू कर दिया था। इधर, भर्ती प्रक्रिया में देरी को लेकर उन्हें संदेह है कि अभी डीएलएड का प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थी शामिल हो पाएं, इसलिए देरी की जा रही है, जो गलत है। इस बार भर्ती में एनआईओएस डीएलएड प्रशिक्षितों ने भी प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों पर आचरण नियमावली के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। हालांकि पूर्व में इसे लेकर विभागीय स्तर पर प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों से स्पष्टीकरण भी मांगा जा चुका है। उनकी ओर से एससीईआरटी निदेशक को 31 अक्तूबर को लिखित रूप में जवाब भी दे दिया है।

इसमें उन्होंने कहा कि वरिष्ठ डीएलएड प्रशिक्षित उन पर असत्य और निराधार आरोप लगा रहे हैं। साथ ही शिक्षा सचिव के पास डीएलएड के संबंध में जानकारी लेने के बाद भी स्वीकार की है। अब इसे डीएलएड कर चुके अभ्यर्थी मुद्दा बना रहे हैं।

कर्मचारियों से रिकवरी करने का किया विरोध

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सचिव परिवहन बृजेश कुमार संत और प्रबंध निदेशक रीना जोशी को पत्र भेजा है। इसमें आईएसबीटी कश्मीरी गेट और आनंद विहार बस अड्डों पर पार्किंग शुल्क की मद में मानकों से अधिक भुगतान की वसूली वाहन स्वामियों, परिचालकों से करने को लेकर नाराजगी जताई है। महामंत्री दिनेश चंद पंत ने बताया कि आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर पार्किंग शुल्क की नई दरें इस साल 15 सितम्बर से लागू हुई थी। इसमें स्पष्ट नहीं था कि बसों को पार्किंग में कितनी देर रखा जा सकता है। ऐसे में निर्धारित अवधि से अधिक ठहराव चालक-परिचालकों पर थोपना सही नहीं है।

यूको बैंक UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

अंचल कार्यालयः प्लॉट नं. 5, आई.टी. पार्क सहस्त्रधारा रोड देहरादून, उत्तराखण्ड 248001, फोन नं0 0135–2742811, 2742868

{नियम–8 (6)} अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रुप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जामानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक **28.11.2025 को दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे** (10 मिनट को असीमित स्वतः विस्तार सहित है) ई–नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चो की वसूली हेतु विक्रय किया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:–

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

क्र. सं.	ऋणी और जमानतदार का नाम/पता	बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	ई–नीलामी की दिनांक व समय	बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	मेसर्स गणपति एंटरप्राइजेज (प्रो. शैलेन्द्र चांदना) संपत्ति नंबर 44 (पुराना नंबर 40), मोती बाजार, देहरादून, उत्तराखंड गारंटर – सुश्रुता चांदना	**यूको बैंक में बंधक सम्पत्ति का विवरणः** एक व्यावसायिक संपत्ति स्थित भूतल पर, नगरपालिका संख्या 44 (पुराना संख्या 40) मोती बाजार, देहरादून, उत्तराखंड 248001 की संपत्ति का एक भाग है, जिसका क्षेत्रफल 37.15 वर्ग मीटर है। यह संपत्ति उप–पंजीयक देहरादून 2 के कार्यालय में बही संख्या 1, जिल्द संख्या 8941, पृष्ठ संख्या 311 से 332 तक, दस्तावेज संख्या 2456 दिनांक 13.03.2024 पर पंजीकृत है। सीमाएँ– **उत्तरः** मुख्य कोतवाली रोड, **दक्षिणः** हरनाम सिंह की संपत्ति, **पूर्वः** शंकर लाल राम दयाल की संपत्ति, **पश्चिमः** नरेंद्र छाबड़ा की संपत्ति	रू0 79.50 लाख रू0 7,95,000/– बोली वृद्धि राशि रू0 1,00,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 01.03.2025 (सांकेतिक)	28.11.02025 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें गुरसिमरन कौर शाखा प्रबंधक मोबाइल– 9230512261	28.11.2025 को सांय 04.50 तक	रू0 48,51,570.57 लाख +ब्याज दिनांक 30.11.2025 से मांग सूचना दिनांक 10.12.2024
2.	श्री राजेश कुमार नाथ पुत्र श्री गोविंद सिंह नाथ मकान नंबर 396, हरछावाला, डाकघर नालापानी, तपोवन, देहरादून, उत्तराखंड गारंटर – भावना नाथ पत्नी राजेश कुमार नाथ	**यूको बैंक में बंधक सम्पत्ति का विवरणः** समस्त सम्पत्ति का भाग जिसका खाता संख्या–00012 (फसली 1420–1425), खसरा संख्या 33 रकबा 0.0120 हेक्टेयर, खसरा संख्या 34क रकबा 0.0300 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.0420 हेक्टेयर, मौजा हरचावाला, परगना परवादून, जिला–देहरादून में स्थित है और देहरादून नगरपालिका सीमा के भीतर है, उपहार विलेख संख्या 3227 दिनांक 05.07.2013। विलेख विवरण– बही संख्या 1, जिल्द संख्या–858 पृष्ठ 159–178, क्रम संख्या 3227 दिनांक 05–07–2013, उप–पंजीयक देहरादून–IV के कार्यालय में 05/07/2013 को पंजीकृत। **सीमाएं– पूर्व**–धर्मेंद्र.कुमार का मकान, **पश्चिम**–15 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर**–दाता की जमीन, **दक्षिण**–आनंद सिंह की संपत्ति	रू0 01.03 करोड़ रू0 64,700/– बोली वृद्धि राशि रू0 30,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 14.05.2025 (सांकेतिक)	28.11.02025 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें विनोद चौहान (शाखा प्रबंधक) मोबाइल–9230501793	28.11.2025 को सांय 04.50 तक	रू0 76,32,456.09 लाख +ब्याज दिनांक 01.08.2018 से मांग सूचना दिनांक 10.02.2025
3.	श्री राजेश कुमार नाथ पुत्र श्री गोविंद सिंह नाथ मकान नंबर 396, हरछावाला, डाकघर नालापानी, तपोवन, देहरादून, उत्तराखंड गारंटर – भावना नाथ पत्नी राजेश कुमार नाथ	**यूको बैंक में बंधक सम्पत्ति का विवरणः** वह समस्त संपत्ति मकान संख्या आर 65 गाटा संख्या 80/1 मिन, देवहोम्स, बिगवाड़ा रुद्रपुर, यू.एस. नगर, उत्तराखंड, जिसका क्षेत्रफल लगभग 660 वर्ग फुट या 61.33 वर्ग फुट है, कुल आच्छादित क्षेत्रफल 67.5 वर्ग मीटर है। बही संख्या 01 पर पंजीकृत। विलेख विवरणः पुस्तक संख्या 1, खण्ड 1745 पृष्ठ 37–62, क्रमांक–1747 दिनांक 26–05–2020, रुद्रपुर, जिला– यू.एस. नगर के उप–पंजीयक कार्यालय में 26–05–2020 को पंजीकृत। **सीमाएं– पूर्व**–मकान संख्या आर 66, **पश्चिम**–मकान संख्या 64, **उत्तर**–अन्य की भूमि, **दक्षिण**–9 मीटर रोड	रू0 20.80 लाख रू0 2,08,000/– बोली वृद्धि राशि रू0 50,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 14.05.2025 (सांकेतिक)	28.11.02025 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें विनोद चौहान (शाखा प्रबंधक) मोबाइल–9230501793	28.11.2025 को सांय 04.50 तक	रू0 76,32,456.09 लाख +ब्याज दिनांक 30.09.2024 से मांग सूचना दिनांक 10.02.2025
4.	सुश्रुत चांदना पुत्र शैलेन्द्र चांदना 239, चुक्खूवाला, आर.जी.एम प्लाजा के पीछे, देहरादून, उत्तराखंड	**यूको बैंक में बंधक सम्पत्ति का विवरणः** एक व्यावसायिक संपत्ति, प्रथम तल पर स्थित जोकि नगरपालिका संख्या 44 (पुराना संख्या 40) मोतीबाजार, देहरादून, उत्तराखंड 248001 की संपत्ति का एक भाग है, जिसका क्षेत्रफल 53.48 वर्ग मीटर है। यह संपत्ति उप–पंजीयक देहरादून 2 के कार्यालय में बही संख्या 1, जिल्द संख्या 8852, पृष्ठ संख्या 1 से 28 तक, दस्तावेज संख्या 1126, दिनांक 02.02.2024 पर पंजीकृत है। **सीमाएँ– उत्तरः** मुख्य कोतवाली रोड, **दक्षिणः** हरनाम सिंह की संपत्ति, **पूर्वः** शंकर लाल राम दयाल की संपत्ति, **पश्चिमः** शैलेंद्र चांदना की संपत्ति।	रू0 61.63 लाख रू0 6,16,300/– बोली वृद्धि राशि रू0 1,00,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 01.03.2025 (सांकेतिक)	28.11.02025 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.11.2025, सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें गुरसिमरन कौर शाखा प्रबंधक मोबाइल– 9230512261	28.11.02025 को सांय 04.50 तक	रू0 37,08,132.09 +ब्याज दिनांक 30.11.2024 से मांग सूचना दिनांक 10.12.2024

नियम एवं शर्तें– 1. बिक्री प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। बिक्री से संबंधित नियमों व शर्तों की जानकारी दी गई वेबसाईट/वेबपोर्टल https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को जैसा है "जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जो भी है" "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई–नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से **दिनांक 28.11.2025 को दोपहर 1:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे** समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की और से बोली लगाने प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार **25.11.2025 को सुबह 11.00 बजे और शाम 04.00 बजे** के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते है।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 30 दिवस की विक्रय की वैधानिक सूचना

दिनांकः 03.11.2025 स्थान– देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

Scanned with OKEN Scanner